Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 31-07-2006

Participants : Ranjan Smt. Ranjeet

>

Title : Reported amputation of limbs of beggars by doctors for money.

श्रीमती रंजीत रंजन (सहरसा) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक और गम्भीर मामले की तरफ हाउस का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। हम लोग अभी आतंकवाद की बात कर रहे थे। उससे भी एक घृति कार्य के बारे में दैनिक समाचार पत्र में छपा है। एक टी.वी. चैनल ने एक डॉक्टर के कार्यकलापों के बारे में स्टिंग ऑपरेशन किया। उससे पता लगा कि वह डॉक्टर बहुत ही घृणित कार्य करता है और डॉक्टरी के पेशे को बदनाम करने का कार्य करता है। उस डॉक्टर द्वारा कुछ भिखारियों के हाथ-पैर कुछ पैसों के लिए काटे गए। यह आश्चर्य की बात है कि उन भिखारियों ने पैसे कमाने के लिए हाथ और पैर कटवाए। टी.वी. के एक चैनल ने डाक्टर द्वारा पैसे लेते हुए और पूरा डिटेल बताते हुए समाचार दिखाया है कि किस प्रकार से केमीकल डालकर पहले भिखारी के हाथ-पैर को सड़ाया जाता है और उसके बाद यह प्रैस्क्रिप्शन तैयार कर के कि आपके हाथ अथ वा पैर को यदि नहीं काटा जाएगा, तो पूरे शरीर में इन्फैक्शन फैल जाएगा और मृत्यु हो जाएगी। इसलिए हाथ अथवा पैर को काटा जाना आ वश्यक है और इस प्रकार से उसका हाथ अथवा पैर काट दिया जाता है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में मांग करती हूं कि ऐसे घृणित कार्य करने वाले डॉक्टर को, हमारे देश में जितनी भी सजाएं हैं, वे यदि दी जाएं, तो भी कम हैं। मेरा आपसे दूसरा निवेदन है कि जिस व्यक्ति, महिला अथवा बच्चे के हाथ या पैर काटे गए हैं, मैं समझती हूं कि उसने अपनी मर्जी से ऐसा बिलकुल नहीं किया होगा। मैं समझती हूं कि इस बारे में हम बचपन में सुना करते थे कि ऐसा एक रैकेट कुछ लोगों द्वारा चलाया जाता है जो गरीब परिवारों के बच्चों को अगवा कर के ले जाते हैं और भीख मंगवाने के लिए उनके हाथ या पैर कटवा देते हैं, ताकि उनसे भीख मंगवाई जा सके। ऐसे रैकेट चलाने वाले लोगों को पकड़ा जाए और उन दोनों डाक्टरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। मैं समझती हूं कि देश में ऐसे बहुत से डाक्टर होंगे, उनकी पहचान की जाए और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। टी.वी. चैनल में दिखाए समाचार के अनुसार केवल एक डाक्टर ने ही 20-25 ऐसे केस किए हैं। इस प्रकार के घृणित कार्य को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए और मैं आपके माध्यम से सदन से प्रार्थना करती हूं कि यह सदन इस बारे में विचार करे और तय करे कि ऐसे डाक्टरों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए।

MR. SPEAKER: I agree with you. I hope the Government would take the most

deterrent action.